अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के

कल्याण के लिए संसदीय समिति

---

अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की अनुसूचित जनजातियों की समाजार्थिक स्थितियों पर विचार-विमर्श के विषय ।

---

सामान्य

प्रश्न सं. 1 1991 की जनगणना के अनुसार अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के संघ राज्य क्षेत्र की कुल जनसंख्या कितनी है और उनके बीच अनुसूचित जनजातियों की संख्या कितनी हैं ?

उत्तर : कुल जनसंख्या : 2,80,661
जनजातीय जनसंख्या : 26,770

प्रश्न सं. 2(क) अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों की साक्षरता का प्रतिशत क्या है ?

उत्तर 56.62%

प्रश्न सं. 2(ख) अनुसूचित जनजातियों की लड़कियों के सम्बन्ध में साक्षरता के आँकड़े क्या हैं ?

उत्तर : 48.74%

प्रश्न सं. 3 इस संघ राज्यक्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों की विशेष समस्याएँ क्या हैं और उन समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

उत्तर : अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में छह अनुसूचित जनजातियाँ है । उनमें से पाँच आदिम हैं । आदिम जनजातियाँ इस प्रकार है :

| क्र.सं. | जनजातियों का नाम | जनसंख्या |
|---|---|---|
| I. | ग्रेट अंडमानी | 37 |
| II. | ओंगी | 99 |
| III. | जारवा | 200 (अनुमानित) |
| IV. | सेन्टिनली | 100 (अनुमानित) |
| V. | शोम्पेन | 161 |